जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 134
दिनांक 23.08.2023

जनेकृविवि में कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा की उपस्थिति में चन्द्रयान–3 की लैंडिंग का लाइव प्रसारण देखा गया

चंद्रयान–3 की लैंडिंग होंने के साथ ही भारत मां के जयकारे के साथ गूंज उठा सभागार

जबलपुर 23 अगस्त, 2023। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की उपस्थिति में एवं कृषि महाविद्यालय जबलपुर के अधिष्ठाता डॉ. पी.बी. शर्मा के निर्देशन में, स्वामी विवेकानंद सभागार में अति उत्कृष्ट देश की ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिकों की मेहनत का परचम विश्व में प्रदर्शित करने के पल चन्द्रयान–3 की लैंडिंग के लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया। इसरो द्वारा इस चन्द्रयान–3 के सम्पूर्ण मिशन को सफलता मिले इस हेतु जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिवार द्वारा प्रार्थना की गई, साथ ही इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिये इसका लाइव प्रसारण कराया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा सहित अधिकारियों, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, प्राध्यापक सहित छात्र–छात्राओं की उपस्थिति में चन्द्रयान–3 की लैंडिंग का लाइव प्रसारण देखा गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस. के. पांडे, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर.एस.शुक्ला, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल एवं विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिक, छात्रावास अधीक्षक के साथ ही बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं की उपस्थिति रही।